कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक / एफ–1 / 840 / 2023 / 10–11 / 3842 भोपाल, दिनांक 24/08/2023

प्रति,

वन महानिरीक्षक (एफ.सी.)
भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
इंदिरा पर्यावरण भवन, अलीगंज, जोरबाग रोड़,
नई दिल्ली–110003

विषयः– वन मंडल सिंगरौली के परिक्षेत्र बैढ़न के वन कक्ष RF-272, 273 & 274 के रकबा 229.348 हे. वनभूमि में निगाही विस्तार परियोजना में ओपन कास्ट कोयला उत्खनन के व्यपवर्तन का – NCL का ऑनलाईन प्रस्ताव क्रमांक FP/MP/MIN/ 140863/2021

संदर्भः– भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली का पत्र क्रमांक 8-26/2015-FCVol. दिनांक 05 / 07 / 2023

–0–

विषयांकित परियोजना के संबंध में आपके द्वारा संदर्भित पत्र क्र. / 8-26/2015-FCVol. दिनांक 05 / 07 / 2023 से 19 बिन्दुओं पर जानकारी चाही गई थी। इन 19 बिन्दुओं में से 16 बिन्दुओं की जानकारी का सम्बन्ध NCL से है तथा बिन्दु xv, xviii & xix का सम्बन्ध वन विभाग से है।

नॉदर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली द्वारा 16 बिन्दुओं की जानकारी पत्र क्रमांक / 1423 दिनांक 18 / 08 / 2023 से अभिलेखों सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत की गई है। आवेदक संस्था द्वारा दिये गये विवरण से यह कार्यालय सहमत है।

बिन्दु क्रमांक– xv के सम्बन्ध में लेख है कि सेटेलाईट से प्रदर्शित हो अतिक्रमण सही है। वनमण्डलाधिकारी, सिंगरौली ने अवगत कराया है कि यह अतिक्रमण 2018 का है। इस संदर्भ में लेख है कि इस अतिक्रमण को रिक्त कराने के लिये भारतीय वन अधिनियम 1927 के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

बिन्दु क्रमांक– xviii & xix के सम्बन्ध में लेख है कि प्रकरण में आवश्यक 460 हेक्टेयर के विरूद्ध वन मंडल सिंगरौली ने क्षतिपूर्ति वनीकरण के लिये के बिगड़े वनक्षेत्र रकबा 500 हेक्टेयर का चयन कर नवीन कक्षों को सम्मिलित कर इनकी KML File ऑनलाईन प्रस्ताव के भाग–2 में अपलोड कर दी गई है। साथ ही क्षतिपूर्ति वनीकरण की योजना भी पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है।

अतः उपर्युक्तानुसार जानकारी संलग्न प्रेषित कर प्रकरण में सैद्धांतिक अनुमति प्रदान करने का अनुरोध है।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

24/8/2023

(सुनील अग्रवाल)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

पृ. क्रमांक / एफ–1 / 840 / 2023 / 10–11 / 3843 भोपाल, दिनांक 24/08/2023

प्रतिलिपिः–

1 मुख्य वन संरक्षक, शहडोल वृत्त, रींवा, मध्य प्रदेश ।
2 वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल, सिंगरौली, मध्यप्रदेश।
3 महाप्रबंधक, नॉदर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, निगाही परियोजना, सिंगरौली, म.प्र.

24/8/2023

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल